प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यपाल ने राज्य सरकार से जेपीएससी की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कराने की अनुशंसा की, कार्मिक विभाग आयोग से आरोपों पर मांगेगा जवाब।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के विश्वविद्यालयों में वर्ष 2008 में हुई व्याख्याता नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की।
3. हजारीबाग और रांची में ईडी की छापेमारी में पूर्व विधायक अंबा और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों से 15 लाख नकद और कई दस्तावेज बरामद।
4. राजकीय श्रावणी मेला के दौरान वीआइपी, वीवीआईपी दर्शन और रविवार–सोमवार को शीघ्र दर्शनम की सुविधा पर पूर्णतः रहेगी रोक।
5. 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दिन सेकेंड हाफ में खेले गये मैच में मणिपुर, तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ ने जीत दर्ज की।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जेपीएससी की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में अनियमितता के आरोपों की जांच राज्य सरकार से जांच कराने की अनुशंसा की है। इससे पहले, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्यपाल से मिलकर जेपीएससी की मुख्य परीक्षा में अनियमितता का आरोप लगाया था। राजभवन से जांच अनुशंसा पत्र मिलने के बाद कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग जेपीएससी से आरोपों पर जवाब मांगने की तैयारी कर रहा है। जेपीएससी के अभ्यर्थियों ने भी आरोप लगाया है कि परीक्षा संचालन नियमावली का उल्लंघन किया गया है।

********************

हाईकोर्ट ने राज्य के विश्वविद्यालयों में वर्ष 2008 में हुई व्याख्याता नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। इस मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। मीरा कुमारी और अन्य 19 लोगों ने याचिका दायर कर कहा है कि वर्ष 2008 में जेपीएससी ने जिन अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा की थी, उसमें गड़बड़ी थी। योग्य उम्मीदवारों का चयन नहीं किया गया है। वहीं जेपीएससी की ओर से बताया गया मामले की जांच सीबीआई कर रही है। ऐसे में सूची पर अभी कुछ भी कहना उचित नहीं होगा।

********************

प्रवर्तन निदेशालय ने अवैध खनन, जमीन कब्जा, मनी लॉन्ड्रिंग और रंगदारी समेत विभिन्न मामलों में संलिप्त पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और उससे जुड़े लोगों के आठ ठिकानों पर छापेमारी के दौरान 15 लाख रुपये और कई दस्तावेज जब्त किए हैं। छापेमारी के दौरान अंबा के भाई अंकित राज और पिता योगेंद्र साव के बालू के अवैध कारोबार में लिप्त होने के भी साक्ष्य मिले हैं। ईडी ने दर्ज इसीआइआर में अंबा प्रसाद और उनके पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ विभिन्न थानों दर्ज प्राथमिकी को शामिल किया है।

********************

गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड की बीडीओ निशा कुमारी पर अबुआ आवास योजना के तहत अधिसूचित सुरक्षित वन भूमि पर अवैध स्वीकृति देने, सरकारी राशि के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों की जांच होगी। ग्रामीण विकास विभाग ने गिरिडीह डीसी को पत्र लिखकर 15 दिनों में मामले की जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि पर्यावरणविद संतोष कुमार दास ने बीडीओ निशा कुमारी के खिलाफ ग्रामीण विकास विभाग को शिकायत पत्र सौंपा है।

********************

जामताड़ा में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त रवि आनंद ने अधिकारियों को 25 से अधिक मामलों के निस्तारण का निर्देश दिया। वहीं कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया।

********************

केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल छह जुलाई को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आयेंगे। वे रांची और धनबाद में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। रांची में आयोजित कार्यक्रम में श्री मेघवाल नये वकीलों को लाइसेंस प्रदान करेंगे और उन्हें मेडिकल एड का चेक भी प्रदान करेंगे। इससे पहले धनबाद में अर्जुन राम मेघवाल, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन में शामिल होंगे।

********************

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तहत अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल करियर सेंटर की ओर से आज एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजकर 30 मिनट से करियर सेंटर, सर्कुलर रोड, परिसर में आयोजित होगा। इस रोजगार मेले में 304 पदों पर भर्ती की जाएगी।

********************

देवघर में राजकीय श्रावणी मेला के दौरान वीआइपी, वीवीआईपी दर्शन और रविवार–सोमवार को शीघ्र दर्शनम की सुविधा पर पूर्णतः रोक रहेगी। उपायुक्त नमन प्रियेष लकड़ा ने पंडा धर्मरक्षिणि सभा, सरदार पंडा, तीर्थ–पुरोहित समाज के प्रतिनिधियों एवं पंडा समाज के सदस्यों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव देने और सुगम व सुरक्षित जलार्पण में हर संभव सहयोग किया जायेगा।

********************

सहिबगंज जिले में लेम्पस पैक्स को और भी सशक्त और रोजगार सृजन के लिए पेट्रोल पंप खोलने की तैयारी चल रही है।

********************

धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड के खरखरी गांव की निष्ठा ने रंगीन मछलियों का बड़े पैमाने पर व्यवसाय शुरू किया है। उनके इस कार्य में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना ने पूरी मदद की है।

धनबाद के मत्स्य प्रसार पदाधिकारी संतोष उरांव ने कहा कि इस व्यवसाय से निष्ठा की आय तीन गुणा से भी अधिक बढ़ गई है।

********************

चतरा पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र के राजा टांड से 23 किलो अफीम की खेप के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रांची से खरीदा गया अफीम चंडीगढ़ में बेचने की योजना थी।

********************

रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दिन कल हिमाचल प्रदेश ने पुडुचेरी को 9–0 से पराजित किया। असम ने जम्मू कश्मीर को 3–2 गोल से, उत्तराखंड ने कर्नाटक को 2–0 गोल से, मणिपुर ने 6–0 गोल से केरल को, तमिलनाडु ने 4–3 गोल से गुजरात को और छत्तीसगढ़ ने बंगाल को 5–0 से पराजित किया। गोवा और तेलंगाना कोई गोल नहीं कर पाये।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और अन्य के ठिकानों पर इडी की छापेमारी को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

प्रभात खबर ने लिखा है– नेतरहाट विद्यालय के बच्चे बोर्ड परीक्षा में फेल, विभाग ने बनायी जांच कमेटी।

दैनिक भास्कर ने शराब घोटाले में एसीबी के हवाले से लिखा है– प्रिज्म होलोग्राफी के एमडी ने झारखंड और छत्तीसगढ़ के अफसरों को दिया था 90 करोड़ कमीशन।

दैनिग जागरण ने वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का हिसाब पोर्टल पर दर्ज होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान और अंग्रेजी अखबार द टाईम्स आफ इंडिया ने लिखा है– ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने एक साथ तीन देशों से लड़ा।

****************